न्यायालय नायब तहसीलदार गुढागौड़जी जिला झुंझुनू

नाम पीठासीन अधिकारीः– ओमप्रकाश सिंघल   निर्णय दिनांक :– 28.10.2022

सरकार बनाम रमेश पुत्र झाबरमल जाति मेघवाल निवासी हीरवाना तहसील गुढागौड़जी जिला झुंझुनूं

मुकदमा नम्बर :–115 / 2022

किस्म मुकदमा राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम की धारा 1956 की धारा 91

निर्णय दिनांक :– 28.10.2022

–: आदेश :–

भू.अ. निरीक्षक केड एंव पटवारी पटवार हल्का मैनपुरा द्वारा रिपोर्ट इस आश्य की पेश की गई है कि ग्राम हीरवाना के भूमि ख.न. 543 / 231, 540 / 231 रकबा 0.90 है0, 1.00है0 किस्म, गै0मु0 पहाड में से 0.50 है0 भूमि पर अप्रार्थी / अतिकमी रमेश पुत्र झाबरमल जाति मेघवाल निवासी हीरवाना द्वारा उक्त भूमि पर कृषि बाजरा कर अतिक्रमण कर रखा है। प्रकरण दर्ज रजिस्टर किया जाकर अतिकमी को भू–राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 91 के तहत नोटिस जारी किया गया। अप्रार्थी /अतिकमी द्वारा दिनांक 26.08.2022 को स्वयं उपस्थित होकर जबाब नोटिस पेश किया जो निम्न प्रकार से हैः– यह है कि प्रार्थी द्वारा ग्राम हीरवाना के खसरा नम्बर 543 / 231, 540 / 231में 0.50 है0 किस्म गै0मु0पहाड राजकीय भूमि पर फसल काश्त कर अतिकमण किया जाना बताया गया है। ग्राम हीरवाना के उक्त खसरा नम्बर 543 / 231, 540 / 231के संलग्न प्रार्थी की खातेदारी भूमि है जो कि बाहमी बंटवारे में प्रार्थी के हिस्से में है। प्रार्थी अपनी उक्त खातेदारी भूमि पर काबिज काश्तकार है तथा जानबूझकर किसी प्रकार का अतिकमण नहीं कर रखा है प्रार्थी के खेत की सीमाएं अस्पष्ट होने के कारण यदि कोई अतिकमण हुआ है तो प्रार्थी द्वारा उसे हटा लिया जावेगा। अतः प्रार्थना पत्र पेश कर निवेदन है कि प्रार्थी को उसके खेत की सीमाओं का ज्ञान करवाया जावे तथा प्रार्थी के विरूध श्रीमानजी के न्यायालय में विचाराधिन प्रकरण को निरस्त फरमाया जावे।

रिपोर्ट भू0अ0 निरीक्षक एंव पटवारी हल्का, अप्रार्थी / अतिकमी जवाब एंव पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजो का अवलोकन किया गया। अप्रार्थी द्वारा ग्राम हीरवाना के भूमि ख.न. 543 / 231, 540 / 231 रकबा 0.90 है0, 1.00है0 किस्म, गै0मु0 पहाड में से 0.50 है0 भूमि पर अप्रार्थी / अतिकमी रमेश पुत्र झाबरमल जाति मेघवाल निवासी हीरवाना द्वारा किया गया अतिकमण अवैध अतिकमण होने के कारण प्रार्थी को अतिकमी घोषित किया जाता है। तथा भू0अ0 निरीक्षक केड को इस अवैध अतिक्मित भूमि पर से अतिकमी को भौतिक रूप से बेदखल कर फर्द बेदखली रिपोर्ट पेश करने हेतु लिखा जावें।

अतिकमी द्वारा राजकीय भूमि पर अवैध रूप से अतिकमण कर लिये जाने के दण्ड स्वरूप सरह लगान 1.00 का 50 गुणा 50 / – रूपये मात्र बतौर शास्ती जुर्माना राशि आरोपित किये जाते है। पटवारी ह[illegible]ील राजस्व लेखाकार को मांग कायमी वसूली हेतु लिखा जावें।

Signature Not Verified

Digitally signed by Omprakash Singhal
Date: 2022.11.04 14:10:12 IST
Reason: SelfAttested

पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो तथा[illegible]। निर्णय मेरे द्वारा आज दि[illegible]........को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

नायब तहसीलदार गुढा गौड़जी